

## मंडी में गुड़ की आवक शुरू

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जवाहर कृषि उपज मंडी मे गुड़ की आवक प्रारंभ हो गई है। प्रत्येक रविवार को मंडी में गुड़ का घोष विक्रय होता है। रविवार को मंडी के सेड में गुड़ ही गुड़ दिखाई दे रहा था। मंडी के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में किसानों द्वारा मंडी में लाए हुए गुड़ का व्यापारियों द्वारा बोली लगाकर क्रय किया गया। शनिवार की रात्रि से ही किसान द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों से मंडी में गुड़ लाना प्रारंभ कर दिया जाता है। एक दिसंबर को गुड़ की आवक मंडी शुरू होने से रविवार को मंडी परिसर एवं मंडी के आसपास की दुकानों पर रौनक दिखने लगी। मंडी में गुड़ 33 सौ से लेकर 38 सौ रुपये क्विंटल तक बिका। गाडरवारा में रविवार को लगने वाली गुड़ मंडी में अन्य शहरों के व्यापारी गुड़ की खरीद करने आते है। गुड़ मंडी में आगामी सप्ताह में गुड़ की आवक बढ़ती ही जायगी।

# स्कूलों में आयोजित कार्यशाला में बाल विवाह रोकने दिलाई शपथ

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** हम होंगे कामयाब अभियान सतत रूप से चलाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में जिले की सभी विकासखंडों में स्कूली छात्र- छात्राओं के मध्य कानूनी जागरूकता के लिए कार्यशालायें आयोजित की गई। कार्यक्रम में बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट 2012, गुड टच एवं बेट टच, किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल अधिकार, पीसी एवं पीएनडीटी एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न प्रतिषेध निवारण प्रतितोष अधिनियम 2013 आदि के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा पीएम श्री महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, नेहरू हाई स्कूल एवं सीएम राईज कन्या शाला विद्यालय में बच्चों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। इस दौरान चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।



प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की। प्रतियोगिता के साथ- साथ बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान बाल संरक्षण अधिकारी सौनिध्य सराठे, सोशल वर्कर प्रवीण डेहरिया, काउंसलर श्रीमती अंजिता श्रीवास्तव, केसवर्कर श्रीमती राधा साहू, कु. माधुरी जाटव एवं अमित उमरे मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि हम होंगे कामयाब अभियान के तहत 25 नवम्बर से प्रत्येक दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जो 10 दिसम्बर तक आयोजित की जायेंगी।

# पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीयलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नाततकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठस द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम जन शिक्षण संस्थामन नरसिंहपुर द्वारा विद्यार्थियों के लिए असिस्टेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.आरबी सिंह व आईक्यूयएसी के निर्देशन एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रभृत्ति सेन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर के रूप में जनशिक्षण संस्थान से वंदना पटैल ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण की अवधि में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर बेसिक ऑपरेटिंग सिस्ट।



### प्रशिक्षण में 35 विद्यार्थी लाभांवित

एमएस वर्ड प्रोसेसिंग, एक्सल पावर प्वावइंट प्रजेंटेशन इंटरनेट सर्च इंजन ई.मेल तैयार करना आदि माडयूल का सैधांतिक व प्रायोगिक जानकारी प्राप्ति किया। अंतिम दिवस प्रशिक्षिणार्थीयों का प्रश्नर पत्र के माध्याम से मूल्यांकन किया गया। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेगें। कार्यक्रम से स्नातक स्तर के 35 विद्यार्थी लाभांवित हुए। तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में प्रकोष्ठ सदस्य श्रीमती शिल्पी तिवारी, श्रीमती दीप्ती नेमा तथा पूर्णिमा पटैल का योगदान रहा।

## सार-समाचार

### गोविंद सिंह राजपूत की सेवानिवृत पर दी विदाई

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस क्षेत्र के साईंखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बँधा की शासकीय प्राथमिक शाला मे पदस्थ सहायक शिक्षक गोविंद सिंह राजपूत के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मे उपस्थित ग्रामीणों, शिक्षकों एवं बच्चों ने श्री राजपूत को शाल,श्रीफल एवं उपहार देकर विदाई दी। विदाई कार्यक्रम मे डॉ धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोविंद राजपूत जी का सम्पूर्ण कार्यकाल बेहतर रहा। इस अवसर पर साईंखेड़ा बीईओ प्रतुल इंदुरख्या ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होकर अब श्री राजपूत जी सामाजिक व धार्मिक कार्यों मे भी सहयोग देंगे। बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि शिक्षक के जीवन मे पदस्थापना एवं सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया का हिस्सा है। कार्यक्रम को शिक्षक नगेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य वक्ताओ ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम मे इंद्रपाल तोमर प्राचार्य मुमताज़ खान, चंद्रकांत विश्वकर्मा, बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया, राघवेंद्र चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बुजुर्गो और मजदूर महिलाओं को कंबल और साड़ी बांटे

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस ओम श्री जन कल्याण विकास संस्थान के सदस्यों द्वारा गाडरवारा नगर के रेल्वे स्टेशन पर उपस्थित जरूरत मंद बुजुर्गो एवं मजदूर महिलाओ को कड़ाके की ठंड से निजात पाने के लिए कंबल एवं साड़ी वितरण कर सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर श्री मति उमा शर्मा,श्री मति रीना लमानिया,श्री मती अनीता मिश्रा, श्री मती संध्या दुबे सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

### सहयोग क्रीड़ा मंडल ने की कबड्डी टूर्नमिंट और जयंती सप्ताह की घोषणा



**गोटेगांव,देशबन्धु।** नगर में सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा आगामी दो महत्वपूर्ण आयोजनों की घोषणा की गई है। पहला, प्रो कबड्डी टूर्नामेंट जो 20 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। दूसरा, मणिनागेंद्र सिंह पटेल जन्म जयंती सप्ताह जो 22 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक मनाया जाएगा। इन दोनों आयोजनों की तैयारियों के संबंध में एक बैठक एस.आर.जी. ऑफिस में आयोजित की गई। बैठक में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, एवं सहयोग क्रीड़ा मंडल के स्थानीय अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों कार्यक्रमों को भव्यता और सामाजिक जागरूकता के साथ आयोजित किया जाएगा।

**प्रो कबड्डी टूर्नामेंट की विशेषताएं**-प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन 20 से 23 जनवरी तक होगा, जिसमें स्थानीय व राष्ट्रीय टीमों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करेगी, बल्कि कबड्डी जैसे खेल को प्रोत्साहित करने का भी प्रयास करेगी। आयोजन समिति ने यह सुनिश्चित करने की बात कही कि टूर्नामेंट का आयोजन निष्पक्ष और उच्च स्तर का हो।

**जयंती सप्ताह के आयोजन की योजना**-22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित मणिनागेंद्र सिंह पटेल जन्म जयंती सप्ताह के दौरान कई सांस्कृतिक, सामाजिक और खेलकूद गतिविधियां होंगी। सप्ताह के दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, भाषण प्रतियोगिताएं और अन्य समाजसेवी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से मणिनागेंद्र सिंह पटेल के व्यक्तित्व और उनके समाज के प्रति योगदान को उजागर किया जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों का संदेश**-बैठक में उपस्थित पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि यह आयोजन गोटेगांव क्षेत्र के युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने का एक प्रयास है। सरदार सिंह पटेल ने कहा कि मणिनागेंद्र सिंह पटेल ने अपने जीवन में समाज सेवा के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए, और यह जयंती सप्ताह उनके प्रति श्रद्धांजलि का प्रतीक है।

सहयोग क्रीड़ा मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि यह दोनों आयोजन गोटेगांव को नई पहचान देंगे। उन्होंने सभी स्थानीय निवासियों और संगठनों से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। इस मौके पर यह रहे मौजूद महेंद्र नागेश विधायक,हाकमसिंह चढ़ार पूर्व विधायक,राजकुमार जैन, सत्यनारायण मिश्रा,गोविंद जैन (भूरे)(अध्यक्षा) देवदत्त पचौरी(सचिव) उमाशंकर साहू,प्रदीप जैन मासाब,दादू राम पटेल,पंकज चौकसे,शक्ति राजपूत,राव हेमराज सिंह ,जितेंद्र चौबे ,राजेंद्र राय,सतेंद्र पटेल,फौलाद सिंह,दिलीप जैन, पाटिल,प्रकाश राकेशिया सहित सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृति परीक्षा आयोजित

## साईंखेड़ा ब्लॉक में 590 और चीचली ब्लॉक मे 758 परीक्षार्थी हुए शामिल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते रविवार को क्षेत्र के शासकीय/ शासकीय अनुदान प्राप्त /स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में इस सत्र की कक्षा 8 वीं में नियमित अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन सुबह 10:45 बजे से क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली विकासखंडों के परीक्षा केंद्रों पर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु साईंखेड़ा ब्लॉक के लिए बनाये गए परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उ मा विद्यालय गाडरवारा में 255 मे से 235, बीटीआई स्कूल गाडरवारा मे 221 मे से 207 एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा मे 169 मे से 148 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। इसी प्रकार चीचली ब्लॉक के लिए बनाए गए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 375 मे से 339, शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 216 मे से 206 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव के केंद्र पर 223 मे से 213 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी।

इस परीक्षा मे साईंखेड़ा ब्लॉक से कुल 690 मे से 590 एवं चीचली ब्लॉक से कुल 814 मे 758 परीक्षार्थी परीक्षा मे शामिल हुए। विदित हो कि उक्त परीक्षा में चयन उपरांत पात्र विद्यार्थियों को 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन पहले ही भरवाए जा चुके थे । उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में सुबह 10:45 बजे से 12:30 तक मानसिक योग्यता परीक्षण एवं 12:30 बजे से 2:15 बजे तक शैक्षिक योग्यता परीक्षण के प्रश्नपत्र छात्र छात्राओ ने हल किए। रविवार को बीईओ प्रतुल इंदुख्या ने नगर के बीटीआई एवं कन्या शाला के परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। परीक्षा के आयोजन मे केंद्र अध्यक्षो एवं पर्यवेक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। परीक्षा मे अपने बच्चों को शामिल कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से अनेक ग्रामवासी परीक्षा शुरू होने के पहले ही केंद्रों पर आ गए थे। परीक्षा उपरांत केंद्रों से बाहर निकल रहे छात्र छात्राओं मे कही खुशी तो कही निराशा का माहौल देखा गया।

# समृद्धि सेरेनिटी डे केयर क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के न्यू बस स्टैंड के समीप स्थित समृद्धि सेरेनिटी डे केयर क्लीनिक में विगत 1 दिसंबर को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मरीजों की निःशुल्क जांच हुई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा ब्लड प्रेशर शुगर और फेफड़ों की जांच आधुनिक मशीनों के द्वारा की गई साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क परामर्श भी दिया गया।गोटेगांव का यह पहला क्लीनिक है जहां पर सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हैं पैथोलॉजी लैब, मेडिकल स्टोर्स नेबुलाइजर जांच, ई सी जी जांच उपलब्ध है। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने मुफ्त जांच कराई और डॉक्टर से परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया। आगे भी इसी तरह की मरीजों को सेवाएं देने में यह क्लिनिक जांच करके उचित उपचार देता है।नगर में यह क्लिनिक की सराहना की जा रही है साथ ही मरीजों को लाभ भी मिलना शुरू हो गया है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत विस स्तर पर चयन स्पर्धा पांच दिसम्बर से

**नरसिंहपुर, दोशबन्धु।** राज्य शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्यस्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। जिले में खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर चयन स्पर्धा 5 से 9 दिसम्बर तक किया जायेगा। ऑनलाइन पंजीयन किये गये खिलाड़ियों को ही ब्लाक स्तरीय चयन स्पर्धा में भाग लेने की पात्रता होगी। ऑनलाइन लिंक के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसके सम्मिलित खिलाड़ियों को विकासखंडवार नियुक्त किये गये आयोजन प्रभारी प्रभारियों से आवेदन फार्म लेकर ऑफलाइन एवं ऑनलाइन भरकर जमा करना होगा। इस प्रतियोगिता में वे ही भाग ले सकते हैं, जिनकी आयु 31 दिसम्बर की स्थिति में 19 वर्ष से कम हो। एक खिलाड़ी एक ही स्पर्धा में भाग ले सकेगा।

खिलाड़ियों को आयु सत्यता की जांच के लिए बोर्ड परीक्षा की अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र के अलावा अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होंगे। आवेदन फार्म के साथ मप्र का मूलनिवासी प्रमाण पत्र एवं पासबुक की प्रति संलग्न करना होंगी। ऑनलाइन पंजीयन किये गये खिलाड़ियों को ही ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा में भाग लेने की पात्रता होगी। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 5 दिसम्बर को करेली व सांईखेड़ा में, 6 दिसम्बर को नरसिंहपुर में, 7 दिसम्बर को चांवरपाठा व गोटेगांव में और 9 दिसम्बर को गोटेगांव में आयोजित की जायेगी। इसके लिए आयोजन प्रभारी भी नियुक्त किये गये हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 13 दिसम्बर को नरसिंहपुर में 18 खेल एवं 14 दिसम्बर को तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। ब्लॉक स्तरीय 19 खेलों एथलेटिक्स, बास्केटबाल, बेडमिटन, बाक्सिंग, फुटबाल, हाकी, जूडो, कबड्डी, खो- खो, मलखंब, तैराकी, बेटलिफ्टंग, कुश्ती, टेबिल टेनिस, क्रिकेट, योगासन, व्हालीबाल, टेनिस एवं शतरंज शामिल हैं।

# चावरा विद्यापीठ में मनाया गया वार्षिकोत्सव





### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां, पेड़ बचाओं, जीवन बचाओ का दिया संदेश

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण पर आधारित चावरा विद्यापीठ के वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, विशिष्ट अतिथि फादर लिंटो कार्यकारी सदस्य सेंट पॉल सोसायटी, विशेष आमंत्रित अतिथि संस्था की पूर्व छात्रा श्रीमति संस्कृति शर्मा संयुक्त कलेक्टर कटनी के साथ अंजली शाह ए.डी.एम. एवं अध्यक्ष संस्था के प्रबंधक फादर शेफर्ड की उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत संस्था के बैण्ड दल द्वारा मधुर ध्वनियों के साथ किया गया। प्रार्थना नृत्य एवं दीप-प्रज्जवलन के बाद संस्था प्राचार्य फादर बाबू जॉन ने स्वागत भाषण में कहा-कि वर्तमान समय की महती आवश्यकता है पर्यावरण का संरक्षण, आज के कार्यक्रम की मुख्य थीम ही है पेड़ बचाओ जीवन बचाओ। सिर्फ कक्षा दो से पाँचवी तक के बच्चों की कार्यक्रम में सहभागिता रही है। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए एवं नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे अपनी रूचि के अनुसार विषय का अध्ययन कर सकते है इससे बच्चों में भी नई अभिरूचि पैदा हो रही है। कार्यक्रम में जुड़े हुए सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं कार्यक्रम के थीम पर्यावरण पर कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबलवार्मिंग तथा अत्याधिक प्रदूषण की समस्या से पीड़ित है ऐसे समय में पेड़ों को बचाना तथा पर्यावरण की रक्षा करना पूरी दुनिया के लोगों का कर्त्तव्य है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बहुत ही सुंदर एवम् मार्मिक संदेश दिया जा रहा है। इसकेपश्चात् सहोदया खेल एवम् साहित्यक प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरूष्कार और ओवर ऑलचेम्पियन ट्राफी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि एवम् विशेष आमंत्रित अतिथियों द्वारा संबोधन दिया गया। पर्यावरण पर आधारित बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य, लघुनाटिका, स्किट की प्रस्तुत दी गई। हजारों की संख्या में पालकगणों की उपस्थिति रही जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# विद्यार्थियों को दी बाल अपराधों की जानकारी

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** जेंडर आधारित हिंसा को रोकने के लिए हम होंगे कामयाब नामक जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल खापा शेढ़ में लैंगिक अपराधों से बालक बालिकाओं का संरक्षण अधिनियम(पॉक्सो) अधिनियम से संबंधित थाना मुंगवानी के सहायक उप निरीक्षक रफी अहमद फारुकी, आरक्षक रामकुमार डेहरिया के सहयोग से सेमिनार आयोजित किया गया।

इस सेमिनार के द्वारा पोक्सो एक्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों प्रदान की गई। तथा विद्यार्थियों को गुड टच,बेड टच, साइबर सुरक्षा, आदि विषयों पर भी



विस्तृत बताया गया। तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आपको किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो आप निकटतम थाने में शिकायत कर सकते हैं तथा आपकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों से उनके प्रश्नों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक भूपेंद्र पटेल,ओंकार गिर गोस्वामी, गेंदालाल काछी, प्रीति धुर्वे तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# साइबर सुरक्षा के बाताए उपाय

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस शासकीय सी एम राइज विद्यालय गोटेगांव में सी सी एल ई की गतिविधि के अंतर्गत साइबर सुरक्षा थीम के तहत राष्टीय सेवा योजना एवं एन सी सी के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में एस डी ओ पी गोटेगाँव भावना मरावी, गोटेगाँव थाना प्रभारी प्रदीप सराफ एवं साइबर सेल एसपी कार्यालय नरसिंहपुर से कुमुद पाठक मैडम की गरिमामाई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ भावना मरावी के उद्बोधन से हुआ जिन्होंने साइबर अपराध, महिलाओं और छात्राओं के विरुद्ध होने वाली अपराध के बारे में जानकारी दी इसके बाद थाना प्रभारी श्री सराफ द्वारा डिजिटल अरेस्ट एवं नशाखोरी से बढ़ने वाले अपराधों के विषय में अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट द्वारा साइबर सुरक्षा पर एक आकर्षक नाटक प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में आयोजित अतिथि व्याख्यान के दौरान साइबर सेल नरसिंहपुर से पधारी पाठक मैडम द्वारा साइबर अपराधों के संबंध में बिंदु बार जानकारी दी गई जिसमें टेफकॉप एप, एम मोबाइल कवच एप ,डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप सुरक्षा आदि प्रमुख बिंदु थे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में साइबर सुरक्षा पर क्विज का आयोजन माध्यमिक शिक्षक मनोज कुमार जैन द्वारा किया गया।

बोर्ड प्रभारी संजीव नाहर के द्वारा बोर्ड परीक्षा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां एवं महत्वपूर्ण उपाय की चर्चा की गई ।संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सीसीएल ई प्रभारी नारायण डेहरिया एवं प्राचार्य एस के सिसोदिया के निर्देशन में हुआ तथा अंत मनोज जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अंत में प्रस्तुति देने वाली विद्यार्थियों को रनिंग ट्राफी प्रदान की गई एवं सभी प्रतिभागियों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए गए।

# अंजनिया पुलिस ने गांजे के साथ एक को पकड़ा

**अंजनिया, देशबन्धु।** अंजनिया पुलिस ने विगत दिवस ग्राम अंजनिया नेशनल हाईवे 30 महिष्मति ढाबा के पास मांद-अहमदपुर चौराहे में वाहनों की चैकिंग व मोटर व्हीकल एक्ट की चालानी कार्यवाही के दौरान ग्राम अहमदपुर-वंजी की ओर से एक व्यक्ति अंजनिया की ओर पैदल-पैदल हाथ में थैला लिये आता दिखा। पुलिस को देखकर थैला छुपाने का प्रयास किया। उक्त व्यक्ति से मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया, जिसका तौल कराने पर एक किलो 473 ग्राम गांजा कीमती 15 हजार पाया गया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम खेमराज भांवरे पिता राजकुमार भांवरे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम करियागांव चौंकी अंजनिया थाना बम्हनी का होना बताया। आरोपी द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा कब्जे में रखा पाये जाने पर समक्ष गवाहान जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए